1. कस देश के पूर्व प्रधानमंत्री जॉन टर्नर का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है?

a. कनाडा
b. नेपाल
c. जापान
d. रूस

**Ans:- a.** कनाडा
कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जॉन टर्नर का टोरंटो में निधन हो गया. वे 91 वर्ष के थे. उन्होंने साल 1984 में देश के 17वें प्रधानमंत्री के रुप में शपथ ली थी. टर्नर का जन्म 1929 को इंग्लैंड में हुआ था. उन्होंने 1962 में कनाडा की राजनीति में प्रवेश कया और लबरल पार्टी के लए मॉन्ट्रियल सीट जीत हा सल की. वे अपने राजनीतिक करियर में 1968 से 1975 के दौरान प्रधानमंत्री पयरे ट्रूडो के नेतृत्व में न्याय मंत्री और वत्त मंत्री सहित कई प्रमुख कैबिनेट पदों पर रहे.

2 .अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ ) के कार्यकारी निदेशक का सलाहकार कसे नियुक्त कया गया है?
a. अनिल अग्रवाल
b. सीमांचल दास
c. राहुल सचदेवा
d. मोहन त्यागी

**Ans:- b.** सीमांचल दास
सीमांचल दास को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ ) के कार्यकारी निदेशक का सलाहकार नियुक्त कया गया है. सीमांचल दास 1988 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अ धकारी हैं. दास आइएमएफ के कार्यकारी निदेशक के सलाहकार के तौर पर तीन साल तक काम करेंगे. दास वर्तमान समय में इनफोर्समेंट डाइरेक्ट्रेट (ईडी) के प्रमुख निदेशक हैं. सीमांचल दास 2014 से 2017 तक पूर्व वत्तमंत्री अरुण जेटली के निजी स चव के तौर पर भी कार्य कर कर चुके हैं.

3.अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस निम्न में से कस दिन मनाया जाता है?
a. 10 मार्च
b. 12 अप्रैल
c. 21 सतम्बर
d. 15 जून

**Ans:- c. 21** सतम्बर
हर साल 21 सतंबर का दिन दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' के तौर पर मनाया जाता है. इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है क अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों और नागरिकों के बीच शांति व्यवस्था कायम रहे और अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष एवं झगड़ों से निपटारा हो सके. पहली बार इस दिवस को 1982 में कई राष्ट्रों, राजनीतिक समूहों, सैन्य समूहों और लोगों द्वारा मनाया गया. इस दिन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (न्यूयॉर्क) में संयुक्त राष्ट्र शांति घंटी बजाकर की जाती है.

4. कस देश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण दूसरी बार देशव्यापी लॉकडाउन लगाया गया है?
a. भारत
b. चीन
c. रूस
d. इजराइल

**Ans:- d.** इजराइल
इजराइल में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण दूसरी बार देशव्यापी लॉकडाउन लगाया गया है. इसका उद्देश्य देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाना है. इजराइल में पहला लॉकडाउन मार्च और अप्रैल में लागू कया गया था. इजराइल में पछले कुछ महीनों में कोरोना वायरस को लेकर स्थिति लगातार खराब हुई है. इसके तहत कई व्यापार बंद होंगे, लोगों के एक जगह जमा होने पर सीमा लागू होगी तथा कुल मलाकर लोगों को उनके घरों के एक कलोमीटर के दायरे में सी मत कया जाएगा.

5. कस हाईकोर्ट ने हर्षवर्धन लोढ़ा को बड़ा झटका देते हुए एमपी बिड़ला समूह के सभी पदों से तत्काल हटाने का फैसला दिया है?

a. कलकत्ता हाईकोर्ट

b. पटना हाईकोर्ट

c. दिल्ली हाईकोर्ट

d. इलाहाबाद हाईकोर्ट

**Ans:- a.** कलकत्ता हाईकोर्ट

कलकत्ता हाईकोर्ट ने हर्षवर्धन लोढ़ा को बड़ा झटका देते हुए एमपी बिड़ला समूह के सभी पदों से तत्काल हटाने का फैसला दिया है. इसके साथ ही कोर्ट ने एमपी बिड़ला एस्टेट के उत्तरा धकार को लेकर लंबित मुकदमे पर फैसला आने तक उनके समूह की कसी भी इकाई में कोई पद संभालने पर रोक लगा दी है. अदालत ने लोढ़ा पर स मति के कसी निर्णय या भ वष्य में बहुमत से लए ऐसे कसी फैसले में हस्तक्षेप करने से रोक लगा दी है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर प्रयंवदा देवी की संप त से जुड़ा हो.

6. कस केंद्रीय मंत्री ने मोदी कैबिनेट से कृ ष सम्बन्धी वधेयक का वरोध करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?

a. नरेन्द्र संह तोमर

b. हर समरत कौर

c. कैलाश चौधरी

d. परषोत्तम रूपाला

**Ans:- b.** हर समरत कौर

राष्ट्रपति रामनाथ को वंद ने कैबिनेट मंत्रिमंडल से हर समरत कौर के इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लया है. राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्री परिषद से हर समरत का इस्तीफा सं वधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत स्वीकार कया है. वे शरोम ण अकाली दल की सदस्य और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर संह बादल की पत्नी हैं. हर समरत कौर ने तीन कृ ष वधेयकों के वरोध में 17 सतम्बर 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था.

7. कस देश ने लोक प्रय चीनी सोशल मी डया ऐप टिकटॉक और वीचैट को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर प्रतिबं धत करने का आदेश जारी कया है?

a. नेपाल

b. पा कस्तान

c. बांग्लादेश

d. अमेरिका

**Ans:- d.** अमेरिका

अमेरिका ने हाल ही में लोक प्रय चीनी सोशल मी डया ऐप टिकटॉक और वीचैट को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर प्रतिबं धत करने का आदेश जारी कया. इसके कुछ हफ्ते पहले भारत ने भी देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लए चीन के कई ऐप पर रोक लगा दी थी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 15 सतंबर तक टिकटॉक और वीचैट का मा लकाना हक कसी अमेरिकी कंपनी के पास नहीं आ जाने की स्थिति में इन्हें प्रतिबं धत करने के आदेश पर पछले महीने हस्ताक्षर कए थे.

8.रॉ (RAW) के पूर्व प्रमुख अनिल धस्माना को कतने साल के लए राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) का नया अध्यक्ष बनाया गया है?

a. पांच साल

b. चार साल

c. तीन साल

d. दो साल

**Ans:- d.** दो साल

अनुसंधान और वश्लेषण वंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अनिल धस्माना को दो साल के लए राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) का नया अध्यक्ष बनाया गया है. एनटीआरओ तकनीकी संस्था है, जिन पर भू-स्थानिक और सैटेलाइट तस्वीर की जिम्मेदारी होती है. यह संस्था भारत सरकार के अधीन काम करती है. अनिल धस्माना 1981 बैच के आईपीएस अ धकारी हैं. धस्माना ने भारतीय खु फया एजेंसी रॉ को 1993 में ज्वाइन कया था.

Nutan Gyan Kosh
Your Success begin's with Us

9. भारत ने को वड-19 महामारी के अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव से निपटने में मदद हेतु मालदीव को कतने करोड़ डॉलर की वत्तीय सहायता उपलब्ध करायी है?

a. 25 करोड़ डॉलर
b. 15 करोड़ डॉलर
c. 20 करोड़ डॉलर
d. 30 करोड़ डॉलर

**Ans:- a. 25** करोड़ डॉलर

भारत ने को वड-19 महामारी के अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव से निपटने में मदद हेतु मालदीव को 25 करोड़ डॉलर की वत्तीय सहायता उपलब्ध करायी है. यह सहायता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), माले को ट्रेजरी बांड की बिक्री के जरिये उपलब्ध करायी गयी. भुगतान को लेकर ट्रेजरी बिल की अव ध दस साल है. भारत ने कोवड-19 महामारी के दौरान निरंतर मालदीव को सहायता उपलब्ध करायी है. को वड-19 महामरी से निपटने को लेकर डॉक्टरों और वशेषज्ञों का एक दल मार्च में मालदीव गया था.

10 . कस राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला उत्कर्ष योजना (MMUY) का शुभारंभ कया है?

a. बिहार
b. पंजाब
c. गुजरात
d. दिल्ली

**Ans:- c.** गुजरात

गुजरात सरकार ने मुख्यमंत्री महिला उत्कर्ष योजना (MMUY) का शुभारंभ कया है. यह योजना राज्य में महिलाओं के समूहों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेगी. महिला उत्कर्ष योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 50,000 संयुक्त देयता और अर्निंग समूह (JLEG) का गठन कया जाएगा. इसी तरह, ग्रामीण क्षेत्रों में भी 50,000 ऐसे समूह बनाए जाएंगे. प्रत्येक समूह में 10 महिला सदस्य होंगे. समूहों को सरकार द्वारा ब्याज मुक्त ऋण की पेशकश की जाएगी.

Nutan Gyan Kosh
-Your Success begin's with Us-